राजस्थान पत्रिका 02/09/13

-रामदेवरा

फीता काटकर किया बीलिया हैडवर्क्स का लोकार्पण

पोकरण-फलसूण्ड-बालोतरा-सिवाणा पेयजल लिफ्ट परियोजना

लोकार्पण पोकरण में बीलिया हैडवर्क्स का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व अन्य।

पोकरण

bureau@patrika.com

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार शाम कस्बे से चार किमी दूर बीलिया गांव के पास पोकरण-फलसूण्ड-बालोतरा-सिवाणा पेयजल लिफ्ट परियोजना के अंतर्गत बीलिया हैडवर्क्स का लोकार्पण किया तथा पोकरण कस्बे में इन्दिरा गांधी नहर से हिमालय के पानी की जलापूर्ति की शुरूआत की।

मुख्यमंत्री गहलोत के मुख्य आतिथ्य, केन्द्रीय संस्कृति मंत्री व जोधपुर सांसद चंद्रेशकुमारी कटोच की अध्यक्षता, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.चंद्रभान, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के डॉ. जितेन्द्र सिंह, बाड़मेर सांसद हरीश चौधरी, पोकरण विधायक शाले मोहम्मद, जिला प्रमुख अब्दुला फकीर, प्रधान वहीदुल्ला मेहर के विशिष्ट आतिथ्य में लिफ्ट परियोजना के बीलिया हैडवर्क्स पर फीता काटकर, पट्टिका अनावरण कर हेडवर्क्स का शुभारंभ किया।

द्वितीय चरण के कार्य का शिलान्यास

मुख्यमंत्री गहलोत व अन्य अतिथियों ने नाचना से बीलिया तक मुख्य ट्रांसमिशन के अंतर्गत 357.11 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पेयजल परियोजना का लोकार्पण कर पोकरण कस्बे में जलापूर्ति कार्य का स्विच दबाकर शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर पोकरण उपखण्ड क्षेत्र के 71 गांवों को आगामी महिनों में इन्दिरा गांधी नहर का पानी सुलभ करवाने के लिए 177.90 करोड़ की लागत से कलस्टर परियोजना, उपखण्ड क्षेत्र के 106 गांवों की 176.02 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली द्वितीय चरण कलस्टर परियोजना तथा 248.30 करोड़ की संतरा भाकरी पेयजल ट्रांसमिशन मुख्य परियोजना के पैकेज-2 व पार्ट ए शिलान्यास किया।

पोकरण-फलसूण्ड-बालोतरा-सिवाणा पेयजल लिफ्ट परियोजना से 542.22 करोड़ रुपए की लागत से जैसलमेर व बाड़मेर जिले के करीब 450 गांवों के लोगों को इन्दिरा गांधी नहर के माध्यम से हिमालय का मीठा पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। इस परियोजना का कार्य लम्बे समय से युद्धस्तर पर चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री गहलोत ने पोकरण-फलसूण्ड-बालोतरा-सिवाणा पेयजल लिफ्ट परियोजना के बीलिया हेडवर्क्स पर निर्मित क्लेरीफोक्युलेटर, जल शोधन संयंत्र, स्वच्छ जलाशय, प्रशासनिक कार्यालय भवन का निरीक्षण किया तथा उपस्थित अधिकारियों से कार्य की प्रगति, वित्तीय स्थिति व अन्य जानकारियां हासिल की। उन्होंने अधिकारियों से कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने व निर्धारित समय सीमा में लोगों को इन्दिरा गांधी नहर का पानी उपलब्ध करवाकर उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

(कार्यालय संवाददाता)

मुख्यमंत्री ने किए बाबा की समाधि के दर्शन

पोकरण . मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार की रात्रि रामदेवरा पहुंचकर बाबा की समाधि के दर्शन किए। मुख्यमंत्री गहलोत, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ.जितेन्द्रसिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. चंद्रभान, बाड़मेर-जैसलमेर सांसद हरीश चौधरी व विधायक शाले मोहम्मद रविवार की रात्रि साढे नौ बजे बाद यहां पहुंचे। उन्होंने बाबा की समाधि के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने दलितोद्धारक डालीबाई की समाधि के भी दर्शन किए तथा पवित्र झारी के जल का आचमन किया। उन्होंने यहां ग्रामीणों व श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की। उन्होंने कतार में खड़े श्रद्धालुओं से उनकी कुशलक्षेम भी पूछी। उन्होंने यहां उपस्थित अधिकारियों से मेले को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए।